**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 28.07.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति, आज और कल ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन करेगा।
2. मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कल सचिवालय में 7वीं केंद्रशासित प्रदेश स्तरीय तटीय सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।
3. परिवहन विभाग ने राज्य परिवहन सेवा के बेड़े में पाँच नई बसों को शामिल किया।
4. दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की ओर से 'डीसी एसपी कप अंतर–ग्राम वॉलीबॉल चैम्पियनशिप' का उद्घाटन किया गया।

**<><><><><><><>**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति, आज और कल आपदा प्रबंधन निदेशालय के प्रशिक्षण सभागार में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन मास्टर ट्रेनर क्षमता निर्माण कार्यशाला–सह–मार्गदर्शन अभ्यास का आयोजन करने जा रहा है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट, नई दिल्ली के सहयोग से यह कार्यशाला भारत–नॉर्वे समुद्री प्रदूषण पहल के चरण–2 के तहत आयोजित की जा रही है। पर्यावरण मंत्रालय के भागीदार संस्थान कचरा अलग करने, कचरे के परिमाणीकरण, सामग्री पुनर्चक्रण सुविधाओं , विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, थोक कचरा उत्पादक अनुपालनों और द्वीप पारिस्थितिकी तंत्र में टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन पर संवादात्मक सत्र संचालित करेंगे। समिति ने संबंधित सरकारी विभागों और हितधारकों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

**<><><><><><><>**

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कल सचिवालय में 7वीं केंद्रशासित प्रदेश स्तरीय तटीय सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस महानिदेशक, आयुक्त–सह–सचिव (गृह), सचिव (गृह), समिति के सदस्य, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, पैरा मिलिट्री फोर्स, पुलिस, भारतीय तट रक्षक बल, संयुक्त अभियान केंद्र, अंडमान निकोबार कमान, जिला प्रशासन तथा तटीय एवं समुद्री सुरक्षा से जुड़े अन्य हितधारक विभागों और एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समिति ने 6वीं बैठक के निर्णयों और सिफारिशों पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट की समीक्षा की। इसके साथ ही, समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए तटीय सुरक्षा, अंतर–एजेंसी समन्वय, परिचालन तत्परता, बुनियादी ढांचे का विकास, निगरानी, संचार प्रणाली और अन्य उपायों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने सभी हितधारक एजेंसियों के बीच निरंतर समन्वय पर बल दिया।

<><><><><><><>

सांसद श्री बिष्णु पद रे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक ज्ञापन सौंपते हुए ग्रेट निकोबार ढांचागत परियोजना के तहत प्रस्तावित ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट से प्रभावित परिवारों के लिए उचित मुआवजा, समुचित पुनर्वास और आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनसे तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। सांसद ने कहा कि यह परियोजना राष्ट्रीय रणनीति के दृ ष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि द्वीप प्रशासन द्वारा तैयार किया गया मसौदा पैकेज प्रभावित परिवारों के लिए पर्याप्त नहीं है। अपने ज्ञापन में श्री राय ने गृह मंत्री से जल्द से जल्द अपनी अध्यक्षता में एक बैठक बुलाने का अनुरोध किया है, जिसमें द्वीप प्रशासन, सांसद और प्रभावित परिवारों तथा उनके संघ के प्रतिनिधि शामिल हों।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन वाइपर और एंडरसन द्वीप के लिए एकीकृत द्वीप प्रबंधन योजनाएं तैयार करने का कार्य नेशनल सेंटर फॉर सस्टेनेबल कोस्टल मैनेजमेंट चेन्नई को सौंपा है। एनसीएससीएम ने द्वीप का प्रारूप, तटीय भूमि उपयोग मानचित्र तथा भू–आकृति विज्ञान मानचित्र प्रस्तुत किए है और आम जनता एवं हितधारकों से सुझाव और टिप्पणियां आमंत्रित की है। यह मानचित्र प्रशासन तथा पर्यावरण

एवं वन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसकी सॉफ्ट कॉपी विभिन्न कार्यालयों में भी उपलब्ध कराई गई है। संबंधित हितधारक अपने विचार, टिप्पणियां, सुझाव तथा वर्तमान या प्रस्तावित परियोजनाओं का विवरण तीस दिनों के भीतर हैडो स्थित वन सदन के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में सार्वजनिक परिवहन सेवाओं का आधुनिकीकरण और विस्तार करने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत, परिवहन विभाग ने कल राज्य परिवहन सेवा के बेड़े में पाँच नई बसों को शामिल किया। इन बसों को मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन बसों को मध्योत्तर अंडमान की विभिन्न राज्य परिवहन सेवा की इकाइयों में तैनात किया जाएगा ।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने कल 'डीसी एसपी कप अंतर–ग्राम वॉलीबॉल चैम्पियनशिप' का उद्घाटन किया। पुलिस विभाग और संबंधित विभागों के सहयोग से यह टूर्नामेंट वंडूर समुद्री तट पर आयोजित हुआ। उद्घाटन समारोह में दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, खिलाड़ियों, युवाओं और स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि खेल अनुशासित और आत्मविश्वासी युवा नागरिकों के निर्माण में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं को खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह के दौरान तट सफाई अभियान का भी आयोजन किया गया। चैम्पियनशिप की शुरुआत विम्बर्लीगंज ग्राम पंचायत और वंडूर ग्राम पंचायत के बीच खेले गए रोमांचक उद्घाटन मैच के साथ हुई, जिसमें वंडूर ग्राम पंचायत ने जीत हासिल की। यह चैम्पियनशिप दक्षिण अंडमान के विभिन्न स्थानों पर जारी रहेगी।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान के डिगलीपुर थाना की ओर से सामुदायिक तैयारियों को मजबूत करने और स्वयंसेवकों की आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने के लिए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के लिए 10—दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। हेड कांस्टेबल खोकन चंद्र दास 19 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को बुनियादी प्रशिक्षण प्रदान किया। इस 10—दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा प्रबंधन, बचाव कार्यों और अन्य सार्वजनिक सुरक्षा पहलों में प्रभावी ढंग से सहयोग करने के लिए स्वयंसेवकों को आवश्यक जानकारी प्रदान करना है।

<><><><><><><>

मर्सेंटाइल मरीन विभाग ने डीब्रेट की एन एस एस इकाई के सहयोग से 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्‌घाटन इंजीनियर एंड शिप सर्वेयर—सह—उप महानिदेशक (तकनीकी) गोपीकृष्ण सी. ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को वृक्षारोपण अभियान के उद्देश्यों के बारे में जानकारी देते हुए रोपे गए पौधों की देखरेख के लिए उनकी जियो—टैगिंग के महत्व पर जोर दिया।

<><><><><><><>

राष्ट्रमंडल खेलों में, भारत की शर्मिला धनकर ने ग्लासगो में आयोजित महिला शॉट पुट एफ57 फाइनल में जीत हासिल करके देश के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता है। इस जीत के साथ, पांचवें दिन के अंत तक भारत के पदकों की संख्या 10 हो गई, जिसमें 2 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं। 9 दशमलव 81 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ, शर्मिला ने पैरा एथलेटिक्स में भारत की पहली राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक विजेता बनकर इतिहास रच दिया। इसी स्पर्धा में, शिल्पा के शायला को कांस्य पदक से नवाजा गया। वल्लूरी अजय बाबू ने पुरुषों के भारोत्तोलन के 79 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। इससे पहले, ज्ञानेश्वरी यादव ने महिलाओं के 53 किलोग्राम वर्ग में 199 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक जीता।

<><><><><><><>